नारायण सेवा संस्थान

# नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर

सेवाधाम, सेवा नगर, सेक्टर-4, हिरण मगरी, उदयपुर-313002 (राज.)
91-294-6622222 96494-99999
Fax : 0294-6622252, 6622230

दिनांक:—17.02.2018

सेवामें,

परम आदरणीय श्रीमान् सोहन राज जी

जय नारायण ! जय श्रीकृष्ण !!

महोदय जी,

सेवा के लिए उठने वाले हाथ प्रार्थना करने वाले होठों से भी पवित्र माने गये हैं। इन्हीं भावनाओ से प्रेरित होकर विगत तीन दशक से परम् पिता परमेश्वर की असीम अनुकम्पा एवं आप जैसे मानवता के पुजारियों के सहयोग, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से पीड़ित मानवता की सहायतार्थ सेवा प्रकल्पों का संचालन किया जा रहा है। अब तक 3,21,437 से अधिक जन्मजात दिव्यांग के निःशुल्क पोलियो ऑपरेशन कर उन्हें शारीरिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से स्वावलम्बी बनाकर अपने पैरो पर खड़ा कर साथ ही दिव्यांग एवं दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह आयोजित कर सुखद जीवन यापन हेतु सफल प्रयास किया जा रहा हैं।

आपश्री के द्वारा **कॉरपस फण्ड** सहयोग राशि **1,00,000/**—(25,000 रूपये की सहयोग राशि चार बार) प्रदान की गई, जिसकी कम्प्यूटराईज्ड रसीद (रसीद संख्याः—592986, डॉनर आई डी 366162) एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र पूर्व में आपश्री के पते पर प्रेषित कर दिये गये। आपश्री के द्वारा प्रदान की गई सहयोग राशि से सन् 2018 में जिन दिव्यांग भाई/बहिन के ऑपरेशन किये गये, उनके फोटो (क्रम संख्या 10913) आपश्री के पते पर प्रेषित किये जा रहे हैं।

आपश्री जैसे दानदाताओं के सहयोग एवं आशीर्वाद से ही संस्थान यह सेवा कार्य सम्पन्न कर पा रही हैं। हम तो एक निमित्त मात्र हैं। आप हमारे विशिष्ट आत्मीयजन हैं। आपका संस्थान के प्रति सेवा भावना एवं सेवा सहयोग सदा से अनुकरणीय एवं सराहनीय रहा है। हम आपश्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना करते हुए यह अपेक्षा करते हैं कि भविष्य में भी आपका स्नेह एवं सहयोग पूर्ववत् प्राप्त होता रहेगा। आपके सहयोग से पीड़ित मानवता का कल्याण ही होगा। लाभान्वित के परिजन आपको आजीवन दुआएँ देते रहेंगे तथा श्रीलक्ष्मी जी का सदुपयोग होने से आपका भण्ड़ार सदा भरा रहेगा।

शुभकामनाओं के साथ......
यहां रत्न मत खोजो, यहाँ मानव ढ़लते हैं।
यह हैं सेवा का मंदिर, जहाँ दिव्यांग चलते हैं।
मन में रहे यह भाव—सेवा बने स्वभाव
आदर एवं सम्मान सहित
भवदीय

PAgarwal
(प्रशान्त अग्रवाल)
अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष

कैलाश अग्रवाल
(कैलाश "मानव")
संस्थापक चेयरमेन

प्रेम सेवा त्याग

# नारायण सेवा संस्थान


सेवाधाम, सेवा नगर , हिरण मगरी सेक्टर- 4 उदयपुर, राजस्थान

Phone :- +91-294-6622222, Mobile:- +919649499999, Fax:-+91-294-6622230

website:- www.narayanseva.org, Email:- info@narayanseva.org


**NATIONAL AWARD AWARDED BY THE GOVT. OF INDIA**

## नि:शुल्क पोलियो ऑपरेशन रोगी विवरण

**धर्म माता-पिता** प्रो० (डॉ.) सोहन राज तातेड़

नाम - अभिराज

पिता/पति - राजेश्वर जी

पता - गोपालगंज, बिहार

नाम - जुनेद

पिता/पति - मोहम्मद रिजवान जी

पता - महोबा, उत्तरप्रदेश

जिन माता-पिता की कृपा से इनका जन्म इस दुनिया में हुआ, वहीं पोलियो विकलांगता के कारण इनका जीना दुर्लभ हो गया। जीवन की निराशाओं के सागर में डुबते हुए आप जैसे करूण हृदयी तारनहार भामाशाह के रूप में एक सहारा मिला। आपके आर्थिक सहयोग से इनका उपचार होने से अब ये नई आशाओं के साथ सफल जीवन जीने लायक हो पायेंगे। आपने 'धर्म माता-पिता' बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। आपके इस उपकार को आजीवन याद रखते हुए ये आपके आभारी रहेंगे। इनका हर कदम प्रगति एवं उन्नति की ओर अग्रसर होना आपकी देन है।

**विशेष निवेदन**

कृपया अपने इष्ट मित्रों, सगे-सम्बंधियों एवं दानदाताओं को भी इस पुण्य योजना की जानकारी देवें।

कैलाश अग्रवाल
(कैलाश "मानव")
संस्थापक चेयरमैन

(प्रशान्त अग्रवाल)
अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष

क्र.सं.- (10913)